तापमान

अधिकतम 27.2 डिग्री

न्यूनतम 15.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि

रायपुर, गुरुवार 4 जनवरी 2024

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

10 शराब के नशे में मिला मुक्तिधाम में तैनात ...



11 विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल....



## खबर संक्षेप

### संघवी ने यनिवर्सिटी में पाया 7वां स्थान, जिले में प्रथम

**महासमुंद।** पीजी कॉलेज में एमए



अर्थशास्त्र की छात्रा संघवी सिंह ठाकुर ने चौथे सेमेस्टर में 2000 में 1554 अंक प्राप्त कर यूनिवर्सिटी में 7वां और महासमुंद में प्रथम स्थान प्राप्त कर नगर को गौरवान्वित किया है। संघवी पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं पार्षद विक्रम सिंह ठाकुर की सुपुत्री हैं। बता दें कि संघवी के भाई तेजस्वी सिंह राजपूत भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर पदस्थ हैं।

### मुखबिरी का आरोप लगाते हुए की मारपीट

**महासमुंद।** चार लोगों ने एक युवक पर मुखबिरी का आरोप लगाते हुए जमकर मारपीट करते हुए चोट पहुंचाया है। सरायपाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मोहम्मद हुसैन पिता मुहम्मद आमीन 20 वर्ष को जावेद, प्रवीण, बिल्लू और अंसार हुसैन द्वारा पुलिस का मुखबिर कहते हुए अश्लील गाली गलौच करते हुए मारपीट की है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### किशनपुर में 3 लीटर महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम किशनपुर में एक युवक से तीन लीटर महुआ शराब जब्त किया गया। जानकारी के मुताबिक अजय राणा पिता गौतम राणा 21 वर्ष निवासी किशनपुर द्वारा अवैध रूप से बिक्री के लिए महुआ शराब रखा था, जिसे पुलिस ने दबिश देकर आरोपी सहित पकड़ा। आरोपी के कब्जे से 3000 एमएल महुआ शराब कीमती 600 रूपए जब्त कर आबकारी एक्ट 34 (ए) के तहत कार्रवाई की है।

# कोरोना को लेकर अलर्ट लेकिन, अस्पताल में ही कोविड नियमों की अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

चीन में फैली रहस्मयी बीमारी, स्वाइन फ्लू और छग में पैर पसार चुका कोरोना के नए वेरियंट को लेकर शासन की ओर से अलर्ट जारी किया गया है। सरकारीअस्पतालों में डेडिकेटेड कोविड बेड सहित अन्य उपकरणों की तैयारी रखने को कहा गया है। लेकिन, इसका असर कहीं दिखाई नहीं दे रहा है। जिले के सरकारी अस्पतालों में भी कोविड नियमों की अनदेखी की जा रही है। यहां इलाज के लिए आने वाले मरीजों के लिए किसी प्रकार का गाइडलाइन जारी नहीं किया गया है, जिसके चलते कोई भी मरीज मास्क पहने नजर नहीं आते।

बता दें कि पहले ही एन्फ्लुएंजा तथा स्वाइन फ्लू को लेकर मेडिकल कॉलेज अलर्ट मोड़ पर है। अब कोरोना का नया वेरियंट एक बार फिर चुनौती दे रहा है। इन्फ्यूजेना स्वाइन फ्लू और तीव्र श्वसन फ्लू के प्रकरणों की सतत निगरानी करने को कहा है। साथ ही कोविड-19 के पर्याप्त जांच करने तथा उपकरणों की तैयारियां और दवाओं का स्टॉक रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा संक्रमण के प्रसार रोकने के लिए रेस्पिरेटरी हाईजिन और कोविड अनुरूप व्यवहार का पालन किए जाने को कहा गया है। लेकिन, अस्पतालों में आने वाले मरीजों के लिए किसी प्रकार गाइडलाइन जारी नहीं किया गया है। हालांकि, अभी तक जिले में एक भी नए वेरियंट की पहचान नहीं हुई है। लेकिन, जिस तरह से बिना मास्क पहने मरीज अस्पतालों में देखे जा रहे हैं।

## बिना मास्क पहुंच रहे मरीज एवं परिजन, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं

### जांच लेकिन, नियमों का पालन नहीं

गाइडलाइन जारी होने के बाद अस्पताल पहुंचने वाले सामान्य मरीजों की भी तीनों प्रकार की जाँच की जाएगी। अस्पताल प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार बीते कुछ माह से लोगों को हो रही सर्दी-खाँसी जल्दी आराम नहीं हो पा रही है। एक बार सर्दी-खाँसी होने के बाद 20 से 25 दिन आराम होने में लग रहे हैं। इधर ठंड की वजह से भी मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। लेकिन, कोरोना नियमों का पालन नहीं हो रहा है।



### ठंड के दिनों में रहते हैं वायरस सक्रिय

जिला अस्पताल के डॉ कुलवंत अजमानी ने बताया कि ठंड के दिनों में कोरोना स्वाइन फ्लू तथा इन्फ्लूएंजा के वायरस और भी एक्टिव रहते हैं। फलस्वरूप अलर्ट किया गया है। ताकि, लोग भी बचकर रहे। भर्ती होने वाले मरीजों की जांच शुरू कर दी गई है। हालाकि, हमारे जिले में एक भी स्वाइन फ्लू, कोरोना तथा चीनी इन्फ्लूएंजा के एक भी मामले सामने नहीं आए हैं।

## असर: सब्जियों के दाम अचानक बढ़े, धान का उठाव भी प्रभावित

# हड़ताल वापसी के बावजूद लगातार तीसरे दिन नहीं चली बसें, परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

वाहनों चालकों की हड़ताल वापस लेने के बावजूद बुधवार को भी जिले में यात्री बस सेवा पूरी तरह बंद रहीं। जिससे एक तरफ लोगो को आवागमन के लिए साधन नहीं मिल रहें। बस स्टैंड में सन्नाटा पसरा रहा। वहीं, दूसरी तरफ पंप ड्राई होने के कारण पेट्रोल-डीजल की किल्लत से जूझना पड़ा। चालकों की हड़ताल के चलते गाड़ियां बंद होने के कारण अति आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई भी बाधित रहीं। सरकारी दर पर खरीदे गए धान का उठाव भी धीमी गति से चली। आज गुरूवार से आवागमन के सभी साधन शुरू होने की उम्मीद है।



हिट एंड रन नए कानून को लेकर पूरे प्रदेश में बवाल मचा हुआ है। इस कानून के विरोध में ट्रक ड्राइवर हड़ताल पर हैं। हड़ताल के तीसरे दिन बुधवार को भी चालक काम पर नहीं लौटे। यात्री बसों के ड्राइवरों की हड़ताल की वजह से लगातार तीसरे दिन इन वाहनों के पहिए थमे रहे। बसों के संचालन नहीं होने से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। बस स्टैंड दुर्ग में यात्री बसों के अलावा प्राइवेट टैक्सी भी खड़ी कर दी गई थी। पेट्रोल डॉजल की संकट के बीच यात्रियों के लिए एकमात्र साधन ई रिक्शा बना हुआ है। मनमाने किराए के चलते यात्रियों को मजबूरी में भारी भरकम राशि चुकानी पड़ी। यात्रियों का कहना है कि ई रिक्शा व ऑटो चालक निर्धारित किराए से ज्यादा राशि वसूले।

### बाहर से आने वाली सब्जियों के दाम बढ़े

मंडियों में बाहर के वाहन नहीं पहुंच पा रहे हैं। इसकी वजह से बाहर से आने वाली सब्जियों के दाम बढ़ गए हैं। जिले में मुनगा, मिर्चीं, चनिया, अदरक, पत्ता गोभी, मटर, प्याज, आलू आदि बाहर से आने वाली सब्जियों की आवक बंद है। इसकी वजह से थोक में 30 रुपए किलो बिकने वाली मिर्च 50 रुपए तक बिक रही है। इसी प्रकार मुनगा 50 बढ़कर 70 रूपए प्रति किलो तक पहुंच गया। ऐसे ही अन्य सब्जियों की है।

### डाक सेवा हुई बहाल

दो दिनों तक चालकों के हड़ताल के कारण जिले सहित प्रदेश की डाक सेवा प्रभावित रहीं। बुधवार की सुबह डाक वाहन आने के बाद चिट्ठी पत्री को बांटा जा सका। बता दें कि जिले की डाक सेवा लंबी दूरी चलने वाली बसों द्वारा एक शहर से दूसरे शहरों तक पहुंचाया जाता है। लेकिन, दो दिनों तक बसें बंद रहीं, जिससे कारण निजी सहित सरकारी डाक समय पर पहुंच नहीं सकीं, जिसे बुधवार को पहुंचाया गया।

### सिर्फ हादसा होने से दर्ज नहीं होगा केस

नया कानून भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 को लेकर बन रही भ्रम की स्थिति बनी हुई है। इस कानून संशोधन के तहत सिर्फ हादसा होने से हिट एंड रन का केस दर्ज नहीं होगा। बल्कि, टक्कर मारकर भागने, पुलिस को नहीं बताने और घायल को अस्पताल नहीं पहुंचाने पर मामला दर्ज किया जाएगा। कानून में यह संशोधन ट्रक व बस चालकों के साथ ही सभी प्रकार के वाहन और मोटर सायकल चालकों पर भी यह नियम लागू होगा।

# नए मोबाइल सिम लेने के लिए देनी होगी बॉयोमेट्रिक डिटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नए मोबाइल सिम लेना अब आसान नहीं होगा। नए साल से सिम कार्ड के लिए बॉयोमेट्रिक डिटेल देनी होगी। वहीं, दूसरे के नाम पर चलाए जा रहे सिम उपभोक्ता को अपने नाम पर ट्रांसफर कराना होगा। ऐसा नहीं करने पर बैंक, एलपीजी सहित अन्य जगहों पर दिए गए मोबाइल नंबर अमान्य किया जा सकता है। वहीं, नए साल से दो या उससे ज्यादा साल से पुराने इनएक्टिव अकाउंट को बंद कर दिया जाएगा। नया नियम स्कूल और पर्सनल अकाउंट पर लागू नहीं होगा।

नया साल शुरू हो चुका है। इसके साथ ही आपकों कुछ खास बातों का ख्याल रखना होगा। खासकर, मोबाइल यूजर्स हैं और अपने सारे काम ऑनलाइन करते हैं, तो उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। एक जनवरी से नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया यानी एनपीसीआई नई पॉलिसी लागू कर रहा है। इसके तहत एक या उससे ज्यादा साल से इनएक्टिविट यूपीआई आईडी को ब्लॉक कर दिया जाएगा। साधारण शब्दों में कहा जाएं, तो एक जनवरी 2023 से यूपीआई पेमेंट जैसे गूगल पे, फोन और पेटीएम का इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा। यदि आपका



मोबाइल नंबर किसी अन्य नाम पर रजिस्टर्ड हैं, तो शीघ्र ही अपने नाम पर करा लें। इसमें सबसे ज्यादा परेशानी सिम के गुम हो जाने के बाद होगी। इसमें जिसके नाम पर मोबाइल नंबर है, उसे फिजिकली मौजूद रहना होगा। क्योंकि, अब नए सिम के लिए बॉयोमेट्रिक डिटेल देनी होगी। वहीं, अन्य के नाम पर रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर का संचालन वे अन्य कार्यो के लेनदेन में कर रहे हैं, तो उन्हें परेशानी हो सकती है।

# बागबाहरा शिक्षा अधिकारी की कार ने मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बागबाहरा में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (बीईओ) द्वारा कार को ठोकर मारने का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक ब्लॉक शिक्षा अधिकारी केके वर्मा और उनका ड्राइवर गलत दिशा से गाड़ी लहराते हुए आ रहे थे। इस दौरान उन्होंने खड़ी गाड़ी को टक्कर मार दी। जिसकी कार को ठोका गया है, उसने बीईओ के साथ वीडियो रिकॉर्ड किया है, जिसमें बीईओ और ड्राईवर नशे में लग रहे हैं और गाड़ी को ठोकर मारना बताया जा रहा है।

वीडियो के मुताबिक सामने से बीईओ की अनियंत्रित गाड़ी आती देख इको स्पोर्टस चालक ने अपनी गाड़ी रोक ली, जिसके बाद भी सामने से आ रही बीईओ की कार ने उसे ठोकर मार दी। वहीं, इस मामले में बीईओ केके वर्मा का कहना है कि वीडियो में जो कुछ भी बताया जा रहा है, वह सरासर गलत है। उनका कहना है कि गाड़ी का टायर फट जाने से गाड़ी अनियंत्रित होकर गलत दिशा में चली गई। उन्होंने ये भी कहा कि ड्राइवर नशे में नहीं था। बीईओ ने आरोप लगाते हुए कहा कि उनके और ड्राइवर के साथ मारपीट की गई है, जिससे उन्हें चोट पहुंची है। साथ ही उन्हें मानसिक रुप से प्रताड़ित किया गया।

बता दें कि बीईओ के मुताबिक वे ड्यूटी के बाद रायपुर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हुआ। बीईओ ने बताया कि उन पर हमला किया गया है। जिसके बाद वे बेहोश हो गए. जब उन्हें होश आया तो वे सड़क पर थे। जिसके बाद कुछ लोग उनसे पैसे मांगने लगे। बीईओ का कहना है कि वे इस मामले में पुलिस रिपोर्ट दर्ज कराएंगे।

# विधायक सिन्हा ने कहा: अवैध कार्यों को छोड़ दें नहीं तो तैयार रहे गंभीर परिणाम के लिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम चिंगरौद, बम्हनी में विकसित भारत सकल्प यात्रा मोदी की गारंटी रथ पहुंची। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने आम ग्रामीणों को अधिक से अधिक लाभ उठाने आह्वान किया।

ग्रामीणों की शिकायत पर विधायक द्वारा अवैध कार्य में लिप्त लोगों को सख्त हिदायत देते हुए कहा गया कि अवैध कार्यो को छोड़ दे या गंभीर से गंभीर परिणाम के लिए तैयार रहें। शिविर में ग्रामीणों की आवास, राशन कार्ड, कृषि संबंधी आवेदन संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने निर्देशित किया। बाल एवं विकास विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं को पोष्टिक आहार दिया गया। कार्यक्रम को सांसद चुन्नीलाल साहू, संदीप दीवान, पवन साहू, प्रेम चंद्राकार ने भी संबोधित किया।




# कार की ठोकर से घायल महिला की मौत

**महासमुंद।** बीते दिनों तेंदूकोना थाना के ग्राम नवाडीह मार्ग पर कार की ठोकर से घायल हुइ महिला का इलाज के दौरान मौत हो गई। मामला बीते 27 दिसंबर की है। चालक गोहित ठाकुर निवासी बगारपाली अपनी कार को तेज रफ्तार और लापरवाही पूर्वक चलाते हुए भगेईया पति स्व इंद्रजीत बरिहा 75 वर्ष निवासी नवाडीह को ठोकर मार दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसका इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत मामला दर्ज किया है।

## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## पुराने वाहनों को गैस कटर से काटकर खपाने का करता रहा है कार्य

# 32 लाख के अवैध कबाड़ के साथ संचालक पुलिस गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बसना के एक दुकान से पुराने वाहनों के 32.53 लाख रूपए का अवैध कबाड़ सहित संचालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया। वह काफी लंबे समय से पुराने वाहनों को गैस कटर से काटने का व्यवसाय कर रहा था। उसके पास किसी भी वाहन का दस्तावेज नहीं पाया गया।

जिसके बाद कुल कबाड़ का वजन 12,560 किलोग्राम एवं 4 नग ट्रैक्टर, एक नग हार्वेस्टर और हार्वेस्टर का कटर कुल जुमला किमती 32,53,200 रूपए जब्त किया गया। साथ ही आरोपी के खिलाफ धारा 41(1+4) सीआरपीसी, 379 भादवि के तहत कार्रवाई की गई।

मंगलवार को मुखबिर से सूचना मिली कि रायपुर रोड स्थित धनानी कबाड़ी दुकान का संचालक भारी मात्रा में अवैध रूप से कबाड़ का समान रखा हुआ है। जिस पर पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव एवं अनु अधिकारी अभिषेक केसरी के मार्गदर्शन में छापामार कार्रवाई की गई। जहां पर धनानी कबाडी दुकान का संचालक मो फयाज धनानी पिता मो. इकबाल धनानी 37 साल साकिन वार्ड न. 07 बसना द्वारा पुराने वाहनो को गैस कटर से काटते मिला।



मौके पर भारी मात्रा में लोहे का कबाड़ एवं पिकअप वाहन मे कबाड़ भरा मिला। उक्त लोहे के कबाड़ एवं गैस कटर से वाहनों को काटने के संबंध में आरटीओ कार्यालय महासमुन्द से अनुमति एवं पुराने वाहन खरीदने के संबंध में संचालक द्वारा दस्तावेज पेश नहीं किया जा सका। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी बसना निरीक्षक आशीष वासनिक, सउनि रनसाय मिरी, प्रधान आरक्षक महेन्द्र पटेल, कमल जांगडे, योगेन्द्र बंजारे, किशोर साहू एवं थाना बसना स्टाफ का योगदान रहा।

### इन सामानों की जब्ती

गैस कटर एवं पाईप एक सेट, भारत कम्पनी का एक नग गैस सिलेन्डर, एक नग इलेक्ट्रॉनिक तराजू मशीन, एक नग ट्रेक्टर मुण्डी पार्टस एवं गुल्लक, एक नग ट्रेक्टर का पुराना कबाड इंजन, एक सेट पुराना कबाड़ महाराजा गेट, ट्रैक्टर चक्के का लोहे का डिस्क 15 नग, एक नग पावर ट्रैलर ट्रैक्टर का बाडी पार्टस, बोर का लोहे का पाईप 11 नग, एक नग पुराना हार्वेस्टर की बॉडी का पार्टस एवं उसका धान कटर, तीन नग आयसर कम्पनी का पुराना ट्रैक्टर एक नग मैसी कम्पनी का पुराना ट्रैक्टर, लोहे का पुराना केजव्हील 12 नग, तीन नग लोहे का पुराना ट्रैक्टर नागर, एक नग मारूती का पुराना इंजन, दो नग पुराना डीजल पानी मोटर पम्प, 7 नग पिकअप के लोहे का डिस्क, लोहे का कबाड़ी स्केप, पुराना टीना का टुकडा एवं सायकल का पार्टस, एक नग बोलेरो पीकअप वाहन क्रमांक सीजी 11 एबी 0820 जिसमें कबाड़ भरा हुआ, जब्त की गई।

## आवश्यक सूचना

हरिभूमि

पाठकों के लिए

पाठक पुरस्कार योजना-2023

हरिभूमि के सूधि पाठकों को अवगत कराया जाता है कि पाठक पुरस्कार योजना का कूपन फार्मेट का प्रकाशन 5 जनवरी को किया जायेगा।

## खबर संक्षेप



### माथुर को जन्मदिन पर बधाई देने जयपुर पहुंचे साव, बृजमोहन, केदार

**रायपुर।** प्रदेश भाजपा के प्रभारी ओम माथुर को उनके जन्मदिन पर बधाई देने के लिए प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव, प्रदेश के मंत्री बृजमोहन अग्रवाल और केदार कश्यप मंगलवार को जयपुर पहुंचे। प्रदेश के मंत्रियों ने श्री माथुर से मिलकर उनको जन्मदिन की बधाई दी। श्री माथुर से मिलने के लिए प्रदेश के और भी कई विधायक जयपुर पहुंचे और उनके निवास पर मुलाकात करके उनको बधाई दी।

### आईएमए रायपुर चैप्टर के डॉ. गुप्ता दोबारा अध्यक्ष

**रायपुर।** चिकित्सकों के सबसे बड़े संगठन इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के रायपुर चेप्टर के अध्यक्ष की जिम्मेदारी दोबारा वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राकेश गुप्ता को सौंपी गई है। रायपुर के चेप्टर के उपाध्यक्ष डॉ. किशोर झा, डॉ. अशोक बजाज, सचिव डॉ. दिग्विजय सिंह, सलाहकार डॉ. ललित शाह, डा. विजय पी. माखीजा, डॉ. महेश सिन्हा, डॉ. महेन्द्र देवांगन, डॉ. संदीप दवे, डॉ. महेश सिन्हा, डॉ. अशोक भट्टर, डा. चंद्रिका साहू तथा डॉ. संजय शर्मा को बनाया गया है।



### डिप्टी सीएम शर्मा ने घायल जवानों से की मुलाकात



**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा मंगलवार को राजधानी स्थित श्री नारायणा अस्पताल पहुंचे। जहां उन्होंने नवंबर-दिसंबर माह में बस्तर इलाके में आईईडी ब्लास्ट में घायल जवानों से मिलकर उनका हाल-चाल जाना और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। हॉस्पिटल में छत्तीसगढ़ पुलिस के 4 जवान अरविंद एक्का, कुंजाम जोगा, रोशन हिकमी और सुरेश कुमार मिच्छा तथा सीएपीएफ के जवान इंद्रजीत प्रसाद सिंह एवं मणिकांदन का इलाज चल रहा है। श्री शर्मा ने घायल जवानों से कहा कि किसी भी प्रकार की सहायता की जरूरत हो तो उनसे संपर्क कर सकते हैं, साथ ही उन्होंने चिकित्सकों से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने पर चर्चा की। इस अवसर पर आरंग के विधायक गुरु खुशवंत साहेब, डीजीपी अशोक जुनेजा, पुलिस-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, डॉ. सुनील खेमका एवं हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सक उपस्थित थे।

### मंत्री नेताम ने ली कृषि अधिकारियों की बैठक




**रायपुर।** कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी मंत्री रामविचार नेताम ने मंगलवार को अटल नगर नवा रायपुर स्थित मंडी बोर्ड के सभाकक्ष में वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कामकाज की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग प्रदेश के किसानों और आम नागरिकों से जुड़ा महत्वपूर्ण विभाग है। किसानों की सुविधा और बेहतरी के लिए प्राथमिकता के साथ योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन किया जाए। उन्होंने प्राथमिकता के तौर पर केंद्रीय और राज्य प्रवर्तित योजनाओं का गुणवत्तापूर्वक और बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करने को कहा। समीक्षा बैठक में मंत्री श्री नेताम ने किसानों को पर्याप्त मात्रा में रासायनिक खाद उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को विशेष पहल करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद उपलब्ध कराने सरगुजा में भी फर्टिलाइजर लैब की स्थापना की जाए।

# अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन प्रदेश में भी मनेगा बड़ा उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर में भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह वाले दिन देश के हर राज्य में बड़ा उत्सव मनाने की तैयारी भाजपा ने की है। इसको लेकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दिल्ली में हर राज्य की टोलियों की बैठक लेकर उनको दिशा निर्देश दिए। छत्तीसगढ़ की टोली का नेतृत्व विधायक धरमलाल कौशिक ने किया। छत्तीसगढ़ में भी उस दिन बड़ा उत्सव होगा। भाजपा के साथ विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के साथ सामाजिक संगठन मिलकर मंदिरों में भी पूजा-अर्चना के साथ भंडारों का भी आयोजन करेंगे।

**दिल्ली में भाजपा की बैठक में शामिल हुए धरमलाल कौशिक और अन्य नेताओं को मिले निर्देश**



पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक बिल्हा धरमलाल कौशिक दिल्ली में आयोजित भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय बैठक में शामिल हुए। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एवं संगठन महामंत्री बीएल संतोष द्वारा देशभर से आए वरिष्ठ विधायकों के बीच श्री कौशिक को विधानसभा बिल्हा में प्रचंड मतों से जीत हासिल कर विधायक निर्वाचित होने एवं छत्तीसगढ़ में प्रचंड बहुमत से भाजपा की सरकार बनाने के लिए सम्मानित किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से अयोध्या में भव्य राम मंदिर के उद्घाटन एवं लोकसभा चुनाव हेतु विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में बताया गया, 22 जनवरी को भव्य राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा है, जिसमें हम सबकी महत्वपूर्ण भूमिका है कि जनता तक इसकी जानकारी पंहुचाना और जो व्यक्ति अयोध्या के राम मंदिर के उद्घाटन में शामिल नहीं हो पा रहे हैं, उनसे अपने घर पर ही दीप प्रज्ज्वलित करना चाहिए। बैठक में देशभर के वरिष्ठ विधायक शामिल हुए। साथ ही बैठक में छत्तीसगढ़ से प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, ललित माखीजा एवं वीरेंद्र श्रीवास्तव शामिल हुए।

## जांच : कांग्रेस जिला अध्यक्ष के निरीक्षण में मिली गड़बड़ी

# किसानों के धान में डंडी, वजन में डेढ़ किलो तक ज्यादा लिया जा रहा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- सारागांव सोसाइटी का किया निरीक्षण

धान उपार्जन केंद्रों में किसानों को एक ओर जहां अपना धान बेचने के लिए बार-बार केंद्रों का चक्कर लगाने मजबूर होना पड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर तौलाई के दौरान किसानों के धान में डंडी मारते हुए वजन में डेढ़ किलो तक अधिक धान लिया जा रहा है, जिससे किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। रायपुर जिले के सारागांव उपार्जन केंद्र में मंगलवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस दौरान केंद्र में रखा धान के आधा दर्जन कट्टों को मैनुअल कांटा में फिर से तौलाया गया, तो 40 किलो के कट्टे में किसी में 41 किलो, तो किसी में 41 किलो 500 ग्राम तक धान मिला। इस तरह एक से डेढ़ किलो तक अतिरिक्त धान चढ़ा मिला।

रायपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने निलजा, सारागांव एवं बंगोली धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से मिलकर धान खरीदी की प्रक्रिया की जानकारी। किसानों ने उन्हें बताया कि धान बेचने के लिए कोई एक सप्ताह पहले, तो कोई 15 दिन पहले टोकन ले चुके हैं, लेकिन उनका धान अब तक खरीदा नहीं गया है। धान बेचने के लिए वे लगातार खरीदी केंद्रों का चक्कर काट रहे हैं। किसानों को अब यह भी चिंता सताने लगी है कि उनका धान बिक पाएगा या नहीं, क्योंकि अब तक न ही धान खरीदी की तारीख बढ़ाई गई है और न ही खरीदी का रेसो बढ़ाया गया है। केंद्रों में खरीदा गया स्टॉक का उठाव भी बहुत धीमी गति से चल रहा है। इसके कारण भी केंद्रों में धान की खरीदी की रफ्तार धीमी है।

### कई किसानों को बोनस राशि भी नहीं मिली

निरीक्षण के दौरान किसानों ने कांग्रेस अध्यक्ष को बताया कि सात वर्ष पहले का बोनस की राशि भी कई किसानों को नहीं मिल पाई है। किसानों के अनुसार कई खाता धारक किसान की मृत्यु हो चुकी है, जिसके कारण उनके परिजन बोनस राशि के लिए सहकारी समितियों का चक्कर काट रहे हैं। इसके अलावा कई किसानों को एक साल का बोनस मिला है, जबकि दूसरे साल का अभी तक अप्राप्त है। धान खरीदी केंद्रों के निरीक्षण के दौरान जिला कांग्रेस महामंत्री घनश्याम वर्मा, वीर देवांगन, चंद्रहास नायक उपस्थित रहे।

# कार्यकर्ताओं के सम्मान से होगा लोकसभा की तैयारी का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- रायपुर संभाग में पहला सम्मेलन 5 जनवरी को

प्रदेश भाजपा संगठन ने अब लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी प्रारंभ कर दी है। इसके लिए सभी मोर्चा और प्रकोष्ठ को जिम्मेदारी भी सौंप दी गई है। 5 जनवरी को रायपुर संभाग में कार्यकर्ताओं का सम्मान करने के लिए सम्मेलन होगा।

इसके बाद लगातार हर संभाग में कार्यकर्ता सम्मेलन होंगे। किसान मोर्चा को पांच हजार गांवों में एक ही दिन में जाने का लक्ष्य दिया गया है। इसके लिए कार्यसमिति की बैठक में फैसला होगा। भाजयुमो नए मतदाताओं को जोड़ने के लिए कार्यक्रम करेगा। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव में मिली बड़ी जीत के बाद अब भाजपा का प्रदेश संगठन अपने कार्यकर्ताओं का पहले कदम पर सम्मान करके उनको लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटने के लिए कहेगा। प्रदेश संगठन ने इसको लेकर रणनीति तैयार कर ली है। सबसे पहले रायपुर संभाग का कार्यकर्ता सम्मेलन 5 जनवरी को किया जा रहा है। इसमें शक्ति केंद्रों, मंडलों के कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाएगा। 6 जनवरी को दुर्ग संभाग का सम्मेलन होगा। इसके बाद बाकी संभागों के सम्मेलन होंगे।

### हर मोर्चा की जिम्मेदारी तय

भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए संगठन के साथ ही अपने सभी मोर्चा की जिम्मेदारी तय कर दी है। यूं तो सभी मोर्चा महत्वपूर्ण हैं, लेकिन तीन अहम मोर्चा भाजयुमो, किसान और महिला मोर्चा हैं। इनके कंधों पर ही ज्यादा भार रहता है। ऐसे में किसान मोर्चा के लिए तय किया गया है कि इस मोर्चा के एक साथ पांच हजार नेता एक ही दिन पांच हजार गांवों में जाएंगे और वहां पर रात को रहने के साथ ही गांवों के किसानों को इस बात की जानकारी दी जाएगी कि प्रदेश में वापस आई भाजपा सरकार के साथ केंद्र की मोदी सरकार किसानों के लिए क्या-क्या काम कर रही है। गरीबों को दिए जाने वाले 18 लाख आवासों के बारे में गांवों में बताया जाएगा। किसान मोर्चा किस दिन गांवों में जाएगा, इसकी तिथि किसान मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति में तय होगी। मोर्चा के अध्यक्ष पवन साहू का कहना है कि दस जनवरी से पहले कार्यसमिति की तैयारी है। इसमें मोर्चा को दी गई जिम्मेदारी पर फैसला होगा कि कब क्या करना है। महिला मोर्चा को युवतियों का सम्मेलन करने के साथ महिला खिलाड़ियों, स्वसहायता समूहों का सम्मान करने का जिम्मा दिया गया है। भाजयुमो को भी युवाओं से जुड़े काम दिए गए हैं। नए मतदाताओं को जोड़ने का भी काम किया जाना है। इसकी तैयारी में भाजयुमो लगा हुआ है। हर मोर्चा के अलग-अलग स्तरों पर सम्मेलन भी होंगे।

# शराब के नशे में मिला मुक्तिधाम में तैनात कर्मी, किया निलंबित

## लगातार मिल रही शिकायतों के बाद नपाध्यक्ष व सीएमओ ने किया राजामठ मुक्तिधाम का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शहर के भलेसर रोड स्थित राजामठ मुक्तिधाम में असमाजिक तत्वों का जमावड़ा और सही रखरखाव नहीं होने की लगातार मिल रही शिकायत के बाद बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने औचक निरीक्षण किया। मुक्तिधाम में पसरी गंदगी और परिसर में शराब की खाली शीशियों को देख अध्यक्ष ने प्रभारी को जमकर फटकार लगाई। मौके पर ड्यूटी पर कर्मी को नशे की हालत में देख उन्होंने उक्त कर्मी को तत्काल निलंबित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्हें मुक्तिधाम परिसर में फैली गंदगी की सफाई करा स्वच्छता प्रभारी को नियमित सफाई होती रहें इसका ध्यान रखने के निर्देश दिए।



### नागरिकों से मुक्तिधाम को स्वच्छ रखने की अपील: राशि

नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती महिलांग ने मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार करने के लिए आने वाले नागरिकों से परिसर को स्वच्छ बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि परिसर में जगह- जगह डस्टबिन लगाए गए हैं। इधर-उधर कचरा फेंकने की बजाए वे डस्टबिन का उपयोग कचरा डालने के लिए करें। पानी बोतल, पाऊच, झिल्ली, पन्नी आदि को परिसर में फेंकने की जगह डस्टबिन में डाले। इस दौरान उनके साथ मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे, स्वच्छता प्रभारी दिलीप चन्द्राकर, जल कार्य प्रभारी सिताराम तेलक, स्वच्छ भारत मिशन के नौशाद बक्श, सफाई विभाग कर्मी मनोज कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

# 24 घंटे ब्लड टेस्ट, डीकेएस की तरह अन्य अस्पतालों में भी लागू होगी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



चार्ज लेने के बाद एक्शन पर आए हेल्थ मिनिस्टर श्याम बिहारी जायसवाल ने मंगलवार को डीके अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। यहां ब्लड सहित चौबीस घंटे मिलने वाली सीटी स्कैन जांच सुविधा से प्रभावित होकर सिस्टम अन्य सरकारी अस्पतालों में लागू करने की बात उन्होंने कही। अस्पताल की सफाई, रेडियोलॉजी जांच सिस्टम तथा आयुष्मान योजना में ज्यादा उपचार से वे काफी प्रभावित हुए।

स्वास्थ्य मंत्री मंगलवार सुबह अचानक डीके अस्पताल पहुंचे। उस दौरान ओपीडी में मरीजों की जांच और इलाज चल रहा था। उन्होंने विभिन्न वार्डों का दौरा किया इस दौरान एक महिला मरीज ने बताया कि आयुष्मान योजना के तहत उनके कार्ड के इलाज की राशि समाप्त हो चुकी है। स्वास्थ्य मंत्री ने राशि बढ़वाने के लिए अस्पताल प्रबंधन से प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने मौजूद सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए अस्पताल के चिकित्सकों को जरूरत के हिसाब से आधुनिक सुविधा जुगाड़ने के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य किसी के खिलाफ कार्रवाई करना नहीं, बल्कि व्यवस्था में सुधार करना है। स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अस्पतालों में जो कमियां हैं, उसे किस तरह सुधारा जा सकता है, इस बारे में निरीक्षण और विशेषज्ञों से चर्चा के माध्यम से वे फीडबैक ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि डीके अस्पताल में आवश्यकता के हिसाब से अन्य सुपरस्पेशलिटी सुविधाएं जुटाई जाएंगी, ताकि मरीजों को इलाज के लिए दूसरे राज्यों की ओर जाने की आवश्यकता ना हो।

### किडनी ट्रांसप्लांट नहीं

राज्य के इस सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में अभी तक किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा शुरू नहीं हो पाई है। इसके लिए पिछली सरकार द्वारा कई बार जरूरी उपकरणों का प्रस्ताव तो तैयार करवाया, मगर इसकी व्यवस्था के लिए राशि स्वीकृत नहीं की। राज्य के निजी अस्पतालों और एम्स में यह सुविधा मिल रही है, मगर डीके अस्पताल इससे पिछड़ा हुआ है। स्वास्थ्य मंत्री ने इससे संबंधित उपकरणों के बारे में भी जानकारी ली।

### रहने को ठिकाना नहीं

अस्पताल में इलाज के लिए दूर-दराज से आने वाले अटेंडरों के लिए डीके अस्पताल में अस्थायी ठिकाने का अभाव है। यहां आने वाले मरीजों के परिजन परिसर की पार्किंग में डेरा डालकर रात बिताने को मजबूर होते हैं। डीके अस्पताल की तरह अन्य सरकारी अस्पतालों में भी अटेंडरों के लिए किसी तरह की व्यवस्था नहीं है। इस समस्या से निपटने के लिए विभागीय स्तर पर योजना बनाने की तैयारी की जा रही है।

# पंपों में ड्राई के हालातों से निपटने प्रशासन एक दिन बाद जागा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



ट्रक-बस चालकों की हड़ताल के कारण जिले के 30 प्रतिशत से ज्यादा पेट्रोल-पंपों में ड्राई के हालात बन चुके हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिला प्रशासन ने भी ड्राई के हालातों से निपटने के लिए मंगलवार को ट्रांसपोर्टर और ऑयल कंपनियों के अधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें अपर कलेक्टर बीबी पंचभाई ने कहा कि पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस और अन्य आपूर्ति के सामान अतिआवश्यक सेवाओं में आते हैं। उन्होंने कहा कि मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए सभी ट्रांसपोर्टर अपने वाहन चालकों से चर्चा कर सुविधाएं निरंतर जारी रखें, ताकि पेट्रोल पंपों में ड्राई के हालात न बन पाएं।

कलेक्टर सभागार में हुई बैठक में उन्होंने कहा कि सभी डिपो में संबंधित क्षेत्र के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के नंबर लिखे जाएंगे और इसे वाहन चालकों के मध्य जारी किए जाएंगे, ताकि उन्हें आपूर्ति के समय आवश्यकता पड़ने पर सुरक्षा प्रदान की जा सके। अपर कलेक्टर ने ट्रांसपोर्टर और ऑयल कंपनियों को आश्वस्त किया कि उन्हें आवश्यता पड़ने पर हरसंभव सहायता की जाएगी। बैठक में खाद्य अधिकारी अरविंद दुबे, एडिशनल एसपी सचिन्द्र चौबे, आरटीओ अधिकारी कीर्तिमान राठौर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## डिप्टी सीएम ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# अब आईआईटी की तर्ज पर शुरू होंगे छत्तीसगढ़ इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मंगलवार को मंत्रालय महानदी भवन में तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग की समीक्षा बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के अनुरूप छत्तीसगढ़ के सभी 11 लोकसभा क्षेत्रों में आईआईटी की तर्ज पर छत्तीसगढ़ इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलाजी प्रारंभ करने के लिए सभी आवश्यक कार्यवाही शुरू करने के निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने व्यापम के अधिकारियों से बैठक में कहा कि व्यापम द्वारा निकट भविष्य में आयोजित की जाने वाली परीक्षाएं लोकसभा निर्वाचन को देखते हुए पहले आयोजित कर ली जाएं। उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि किसी भी परीक्षा के पेपर लीक न हों। भर्ती परीक्षा में पूरी पारदर्शिता बरती जाए। उन्होंने प्रदेश के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार से जोड़ने के लिए अधिकारियों को अग्निवीरों की भर्ती का कोटा बढ़ाए जाने के लिए आर्मी हेडक्वाटर को इस संबंध में जल्द अनुरोध पत्र भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आईटीआई में उद्योगों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए नए ट्रेड की शुरुआत की जाए, जिससे युवाओं को आसानी से रोजगार मिल सके।

### खाली पदों की जानकारी भेजें बेरोजगारों को

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि रोजगार कार्यालय से रिक्त पदों पर भर्ती के लिए योग्य उम्मीदवारों को एसएमएस भेजने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसी प्रकार रोजगार कार्यालयों में बेरोजगार अभ्यर्थियों के डाटा का सुव्यवस्थित संधारण किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन अभ्यर्थियों को रोजगार मिल जाता है, उनके नाम सूची से हटा दिए जाएं। इसी प्रकार इंजीनियरिंग कॉलेज व पॉलीटेक्निक के सेवा भर्ती नियम का अनुमोदन सामान्य प्रशासन विभाग से जल्द कराने के निर्देश उच्चाधिकारियों को दिए। उन्होंने केले के पत्ते से दोना-पत्तल बनाने तथा केले के तने के रेशे से झोले तथा कपड़े बनाने के लिए एक प्रशिक्षण कोर्स तथा इसकी एक यूनिट की स्थापना करने के लिए जल्द प्रस्ताव तैयार करने भी कहा। बैठक में तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव टोपेश्वर वर्मा और तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रभारी संचालक डॉ. एसके सिंघई ने विभागीय कामकाज की विस्तार से जानकारी दी।

**खबर संक्षेप**

### सिंगल यूज प्लास्टिक पर पालिका सख्त, दुकानों में दी दबिश

**महासमुंद।** सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ नगर पालिका ने फिर से अभियान छेड़ दिया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे के निर्देश पर बुधवार को पालिका टीम ने प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक रखने वालों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की। टीम ने शहर के किराना दुकानों और गोलबाजार स्थित करते हुए बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त कर जुर्माने के तौर 600 रुपए वसूल किए। कुल 3 दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की गई। प्रतिबंधित होने के बावजूद स्वच्छता तथा पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले प्लास्टिक का उपयोग अभी भी कुछ लोगों द्वारा चोरी-छुपे किया जा रहा है, जिसके ख़िलाफ कार्रवाई करने के निर्देश मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे द्वारा पालिका अधिकारियों को दिया गया। आदेश के परिपालन में क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण संरक्षण के उप अभियंता एसके चौधरी के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन के कर्मचारियों ने नगर में अलग-अलग इलाकों में सिंगल यूज़ प्लास्टिक रखने वाले दुकानों और लोगों के खिलाफ कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान पालिका की टीम द्वारा व्यापारियों और आमजन को प्लास्टिक के उपयोग की जगह कपड़े का थैला या जूट से बने थैले का उपयोग करने के लिए प्रेरित भी किया गया। क्षेत्रीय कार्यालय छत्तीसगढ़ पर्यावरण मंडल के उप अभियंता एसके चौधरी ने व्यापारियों और नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि सिंगल यूज़ प्लास्टिक से हमारे पर्यावरण और स्वास्थ्य को काफी नुकसान पहुंचता है।

**यात्रा : भारत सरकार के संयुक्त सचिव अमिताभ कुमार ने लिया जायजा**

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए सांसद और विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी

- महासमुंद के ग्राम बेलटुकरी में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा
- मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत हितग्राहियों ने साझा किए अपने अनुभव

विकसित भारत संकल्प यात्रा का पड़ाव महासमुंद विकासखण्ड के ग्राम बेलटुकरी पहुंची। शिविर में महासमुंद लोकसभा के सांसद चुन्नीलाल साहू एवं विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा शिविर में पहुंचकर शिविर के उद्देश्यों के संदर्भ में जानकारी दी। सांसद साहू व विधायक सिन्हा ने शिविर में लगे विभागीय स्टाल का अवलोकन किया। यहां शिविर लगाकर योजनाओं की जानकारी और लाभ दिया गया। साथ ही ग्राम पंचायत बेलटुकरी में भारत सरकार के संयुक्त सचिव अमिताभ कुमार शाह कुमार ने पहुंच कर शिविर का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर प्रभात मलिक, वनमण्डलाधिकारी पंकज राजपूत, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उमेश साहू, जनपद सीईओ मिषा कोसले मौजूद थे।




संकल्प यात्रा के मुख्य अतिथि सांसद चुन्नी लाल साहू ने कहा कि मोदी जी की गारंटी वाली गाड़ी आपके गांव में खड़ी है। ये मोदीजी की गारंटी वाली सरकार है। गारंटी में यहां मेडिकल कॉलेज खुल गया है। 2047 तक भारत विकसित भारत बनेगा। किसी को भी कोई चिंता करने की जरूरत नहीं है। समाज के अंतिम व्यक्तियों को शासन की प्रमुख योजनाओं से जागरूक कर उन्हें लाभान्वित कर रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की गारंटी वाली गाड़ियों से भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी डिजिटल स्क्रीन, फ्लेक्स और पोस्टर के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाई जा रही है। उन्होंने सभी ग्रामीणों को केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने की बात कही। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों में ऐसे व्यक्ति जो शासन की योजना से अब तक वंचित रह गये थे उन्हें लाभान्वित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने अपील किया कि सभी योजनाओं का लाभ पात्रतानुसार अवश्य उठाएं।

शिविर में अध्यक्षता कर रहे महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ मिलकर विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से ग्राम वासियों को जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया। विधायक सिन्हा ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी है कि जिनका पक्का मकान नहीं है उन्हें पक्का मकान मिलेगा। जल जीवन मिशन के तहत हर घर में शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी द्वारा दिए गए हर गारंटी पूरा होगा।

उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं का लाभ पात्रतानुसार अवश्य उठाएं। कार्यक्रम में सिन्हा ने विभागीय योजना स्टॉल का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने स्टॉल प्रभारी और हितग्राहियों से चर्चा कर योजना का लाभ देने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामवासियों को बताया कि गांव में जल्दी मुक्तिधाम भी बनाया जाएगा। शिविर को राकेश चंद्राकर, संदीप दीवान, मोती साहू, जितेंद्र साहू, दिग्विजय सिंह ने भी संबोधित किया। शिविर में बंटी शर्मा, पप्पू पटेल, सरपंच, स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, ग्रामीण और बड़ी संख्या में हितग्राही मौजूद थे।

### लाभार्थियों ने सुनाए अपने अनुभव

मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत आयुष्मान कार्ड से हुए निःशुल्क उपचार के बारे में ग्राम बेल्टुकरी की डेरहीन कोशले और निर्मला ने अपने अनुभव सुनाए। डेरहिन कोशले ने बताया कि उनको पहले डिलिवरी के लिए निजी अस्पताल जाना पड़ा, लेकिन आयुष्मान कार्ड के कारण इलाज हो गया। इससे मुझे बहुत सहायता मिली। इसी तरह महिला समूह के ज्ञान बाई ने बताया कि उनका समूह 3 लाख लोन लेकर टेंट, सब्जी बाड़ी का अपना काम शुरू किया। आज वे स्वावलंबी है। उषा बाई ने बताया कि जब से उज्ज्वला योजना अंतर्गत गैस मिला है तब से जल्दी खाना बन जाता है। अब धुएं से मुक्ति मिली। शिविर में आए गए ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड, वन नेशन वन कार्ड, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आधार अपडेशन, सस्ती व अच्छी जेनेरिक दवाई आदि की जानकारी देने के साथ योजनाओं से वंचित हितग्राहियों से आवेदन लिए गए। यहां उनकी समस्याओं का भी समाधान किया गया। शिविर स्थल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए कैम्प में बीपी, शुगर की जाँच तथा दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई। गौरतलब है कि जिले के चिन्हित ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकाय क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने एवं जानकारी देने हेतु विभागों द्वारा स्टॉल लगाया जा रहा है। जहां पर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया गया एवं जरूरतमंद लोगों को आवेदन फार्म भरवाए जा रहे है।

## महासमुंद और जांजगीर-चांपा अब एलीट ग्रुप में खेलेंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला प्लेट ग्रुप तीन दिवसीय क्रिकेट के सेमी फाइनल में महासमुंद ने कोरिया टीम को 400 रनों से हराकर फाइनल में जगह बनाई। वहीं दूसरे सेमीफाइनल मैच में जांजगीर चांपा ने कवर्धा टीम को 9 विकेट से हराकर फाइनल में पहुंची।

महासमुंद और जांजगीर की टीम सीधे एलीट ग्रुप के साथ मैच खेलने की पात्रता हासिल कर ली है। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के प्रवक्ता राजेश दवे ने बताया इस बार पैटर्न को बदल गया है इसलिए प्लेट ग्रुप का फाइनल मुकाबला नहीं होगा, बल्कि दोनों टीम अब एलिट मुकाबले में शामिल होगी इसके चलते अब एलिट टीम की संख्या बढ़कर 8 टीम से 10 हो चुकी है। अब पांच-पांच टीम का दो ग्रुप बनाकर मैच कराया जाएगा। जिसमें विजेता टीम फाइनल खेलेगी तथा श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों का चयन प्रशिक्षण शिविर के लिए किया जाएगा और चयनित खिलाडी रणजी ट्रॉफी के लिए सिलेक्ट हो जाएंगे। इससे महासमुंद टीम के खिलाड़ियों के लिए सुनहरे भविष्य की राह और आसान हो गई है।

ज्ञात हो कि महासमुंद टीम लगातार पिछले कई वर्षों से शानदार प्रदर्शन करते हुए आ रही है इस वर्ष भी अंडर 14 और अंडर 16 की टीम ने प्लेट ग्रुप के उपविजेता होने का गौरव हासिल किया और अंडर -19 और अंडर 23 की टीम पहले से ही एलीट ग्रुप में खेल रही है। अब महासमुंद की सीनियर टीम व्हाइट बॉल ( वन डे, टी ट्वेंटी) और रेड बॉल (डेज़) दोनों में एलीट ग्रुप में शामिल हो चुकी है। इस जीत पर जिला क्रिकेट संघ के सचिव विनोद शर्मा, अध्यक्ष शशांक मोघे, कोषाध्यक्ष सलीम कुरैशी, चयनकर्ता राजेश शर्मा, तुषार चौहान, दिनेश, आनंद कामदार, आलोक दिवेदी, तृपेश साहू एवं शैलेश शुक्ला ने हर्ष जताया है।



### नगर की बस्तियों में बांटे जा रहे पूजित अक्षत व पत्रक

**महासमुंद।** संत रविदास बस्ती के अंतर्गत आने वाले वार्ड 12, 22, 23, 24 व 25 में अयोध्या से आए पूजित अक्षत का वितरण 1 जनवरी से किया जा रहा है। बस्ती के युवा, महिला और बच्चे घर घर जाकर पूजित अक्षत राम मंदिर का छायाचित्र और पत्रक देकर निवेदन कर रहे है कि आने वाले 22 जनवरी को अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा है। इस अवसर पर ये पूजित अक्षत अयोध्या में रामलला के दर्शन का आमंत्रण है। अगर अयोध्या नहीं जा पा रहे है तो 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर अपने घरों में गोबर से लिपाई कर रंगोली सजा ले घर पर लाइट लगवा ले और घरों के मुख्य द्वार पर रामलला के स्वागत के लिए दीपक जलाएं। 14 साल के बनवास काटकर आने पर रामजी के स्वागत में दिवाली मनाई जाती है और इस बार तो 500 साल बाद हमारे आदर्श मर्यादा परुषोत्तम राम का आगमन हो रहा है तो एक दिवाली 22 जनवरी को भी मनाना है। महासमुंद नगर के सभी बस्ती में अक्षत वितरण प्रारम्भ हो गया है। संत रविदास बस्ती से बस्ती पालक और इस कार्यक्रम के नगर सह संयोजकद्वय विक्रम सिंह ठाकुर, महेश मक्कड़, चमन साहू, सागर डोंगरे, सुरेश साहू, रोहित पटेल, काजू तांडी, मंगेश टांकसाले, अमन तांडी, रूपेश साहू, आकाश प्रजापति, चमन जगत, इंद्रदेव दीवान, सुदर्शन कुमार आदि मौजूद रहे।



### विधायक ने पूर्व कप्तान गांगुली से की मुलाकात

**बसन।** विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निवास पर भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली से मुलाकात की। विधायक डॉ. अग्रवाल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और सौरव गांगुली को इस मौके पर जगन्नाथ पुरी से लाया गया भगवान जगन्नाथ महाप्रभु का प्रसाद और छायाचित्र भेंट किया। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का मार्गदर्शन प्राप्त किए। इस दौरान क्रिकेट, छत्तीसगढ़ और विभिन्न विषयों पर औपचारिक चर्चा हुई। विधायक डॉ. अग्रवाल ने कहा कि सौरव गांगुली को क्रिकेट जगत के सभी खिलाड़ी और फैंस उन्हें दादा कहकर बुलाते हैं। भारतीय क्रिकेट इतिहास में उनकी शानदार कप्तानी, बेहतरीन प्रदर्शन और योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

## गायत्री मंदिर में हुआ पारिवारिक सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम बेमचा स्थित गायत्री प्रज्ञा पीठ में पारिवारिक सम्मेलन हुआ। इसमें बालक-बालिकाओं, युवाओं, छात्रों एवम पालकों, अखंड ज्योति युग निर्माण योजना प्रज्ञा अभियान पत्रिका के पाठकों की सहभागिता रही। प्रारंभ में वरिष्ठ गायत्री उपासक होरीलाल विश्वकर्मा, सुकालु निषाद, रविकांत चंद्राकर, रामचंद्र विश्वकर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। बेनु राम ने सरस्वती वंदना एवम प्रतिभा द्वारा अरपा पैरी के धार राज्य गीत प्रस्तुत हुआ। भगत गुरुजी ने गीत प्रस्तुत किया। भोज कुमारी ने अपने 24 व्यक्तियों के एक परिवार में रहने का आर्दश प्रस्तुत किया। बाद के बालक, बालिकाओं, महिलाओं, युवाओं के लिए कुर्सी दौड़ का आयोजन किया गया। साथ ही प्रश्नोत्तरी स्पर्धा भी हुई। विजेताओं वरिष्ठ नागरिक द्वारिका चंद्राकर, रामेश्वरी धाडगे, नरोत्तम साहू द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन भगत गुरुजी ने किया। कार्यक्रम में राधेश्याम चंद्राकर, राम ठहल निषाद, छन्नू साहू, राजेंद्र राव धाड़गे, उर्वशी साहू, मनीषा, मुस्कान अशोक चंद्राकर, मनोज कहार, चेतन चंद्राकर, थानेश चंद्राकर आदि मौजूद रहे।



# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए इमलीभाठा व अयोध्या नगर में प्रभातफेरी

## प्रतिदिन राधाकृष्ण मंदिर इमलीभाठा महासमुंद से सैकड़ों की तादाद में जुट रहे लोग, बन रहा भक्तिमय वातावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आगामी 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर इमलीभाठा, अयोध्या नगर (रानी लक्ष्मी बाई बस्ती) महासमुंद में बस्ती प्रमुख विजय चंद्राकर, धर्मेन्द्र महोबिया, टेकराम सेन, नारायण सिंह ठाकुर एवं पार्षद गण देवीचंद राठी, राहुल चंद्राकर, कृष्ण कमार चंद्राकर के नेतृत्व में भजन कीर्तन के साथ प्रभात फेरी निकालकर आमंत्रण दिया जा रहा है। प्रभात फेरी प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से 8 बजे तक निकाली जा रही है। जिसमें प्रमुख रुप से घरों में दीपक जलाने, रंगोली, मंदिरों को आकर्षक बनाने, भजन कीर्तन प्रसाद वितरण के लिए प्रेरित की जा रही है।

इसी तारतम्य में प्रभात फेरी में सम्मिलित होते हुए पूर्व विधायक एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश भारी डॉ. विमल चोपड़ा, योगाचार्य तिलक साव ने संबोधित करते हुए कहा कि हम सबका सौभाज्य है कि हमारे जीवनकाल में भारतीय जनमानस के केन्द्र बिन्दु मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम 22 जनवरी को अयोध्या में विराजित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक पल को भव्य बनाने एवं एकबार पुनः दीवाली जैसा उत्सव मनाने के लिए सब जुट जाए। सभी को अपील करते हुए टेकराम सेन व एमआर विश्वनाथन ने कहा कि प्रभु श्रीराम का आमंत्रण हम सभी के लिए अयोध्या से अक्षत के रुप में आया है, इसे स्वीकार करते हुये 22 जनवरी को सभी अपने घरों एवं मोहल्लों को अयोध्या नकी तरह सजाएं। प्रभात फेरी में प्रमुख रुप से राजेश डड़सेना, पप्पू ठाकुर, हनीश बग्गा, माखन पटेल, जगदीश साहू, सुजाता विश्वनाथन, शोभा शर्मा, राजेश सोनी, रेखराज डड़सेना, सीएस गौर, पूर्व पार्षद राजेश चंद्राकर, योगेश कश्यप, खिलावन यादव, वेणु गोपाल, राधेश्याम, गोवर्धन साहू, किशुन निषाद, संध्या गोहिल, चमन चंद्राकर, राजू चंद्राकर, खिलावन धनकर, रमेश पंचेश्वर, सुधीर सैनिक महावीर पवार, विनोद सिंह, संतोष चंद्राकर, डीआर सोरी, नंद कुमार देवांगन, गोविन्द ठाकुर, तारा देवांगन, चमन साहू, रामानंद ध्रुव, राजेश्वर खरे, नारायण चंद्राकर, अजय सर्मा, बोटलाल पटेल, दिनेश ध्रुव, विनोद चंद्राकर, दीपक शर्मा, दीपक देवांगन, चंदेल, बंशी साहू, हिरेन्द्र साहू, राखी शर्मा, सविता चंद्राकर, दुर्गा साहू सहित बड़ी संख्या में इमलीभाठा, अयोध्या नगर, राम रहीम नगर, वर्धमान नगर, इंदिरा कालोनी के लोग प्रतिदिन जुट रहे हैं। उक्त जानकारी एमआर विश्वनाथन एवं राजेश सोनी ने दी है।



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बागबाहरा जिला महासमुंद (छ.ग.)**

LandLine NO. 07707-242424 Emall-sdmbaghahara@gmail.com

रा.प्र.क्र 202401121800002 अ/2 वर्ष 2023-24
ग्राम- खल्लारी प.ह.नं. 03, रा.नि.मं. खल्लारी तहसील बागबाहरा, जिला महासमुन्द (छ.ग.), श्री आशीष पिता सुरेश अग्रवाल जाति बनिया निवासी ग्राम तेन्दूकोना तहसील बागबाहरा जिला महासमुन्द छ.ग.

विरुद्ध ...आवेदक
छ.ग. शासन ..अनावेदक

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम खल्लारी प.ह.नं. 03, रा.नि.मं. खल्लारी, तहसील बागबाहरा जिला महासमुन्द (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक आशीश पिता सुरेश अग्रवाल जाति बनिया निवासी ग्राम तेन्दूकोना तहसील बागबाहरा जिला महासमुन्द छ.ग. द्वारा ग्राम खल्लारी, प.ह.नं. 03 रा.नि.मं. खल्लारी तहसील बागबाहरा जिला महासमुन्द (छ.ग.) में स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 167/2 रकबा 0.11हे. (11840 वर्गफुट) भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन/पुनर्निर्धारण हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज पेश किया है। इस संबंध में जिस किसी को भी कोई उजर, दावा, आपत्ति हो तो इस न्यायालय में सुनवाई दिनांक 10.01.2024 दिन बुधवार समय 11.00 बजे तक स्वतः / अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 03.01.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बागबाहरा, (छ.ग.)

### राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए अक्षत वितरण प्रारंभ, महिलाओं में उत्साह

**महासमुंद।** इमलीभाठा, अयोध्या नगर को पांच समूहों में बांटकर 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए अक्षत एवं आमंत्रण पत्र वितरण का कार्यक्रम प्रारंभ हो गया है। अयोध्या नगर एवं इमलीभाठा के लिए श्रद्धा भक्ति मानस मंडली से संध्या गोहिल, सोनाई विश्वकर्मा, अमृत ध्रुव, जानकी साहू, मंदाकिनी ठाकुर राम्हीन साहू, ईमलीभाठा से प्रथम समूह के रुप में नेतृत्व करते हुए भजन कीर्तन के साथ अक्षत एवं आमंत्रण पत्र वितरण में जुट गए हैं। इसी प्रकार दूसरे समूह के लिए हनुमान मंदिर बेमचा रोड एवं कन्हाई परमेश्वरी मंदिर क्षेत्र में संगीता गोस्वामी, ललिता चंद्राकर, शकुन्तला साहू, त्रिवेणी गायकवाड़, सरस्वती देवांगन, देवबती ध्रुव, तेरस यादव अपने टीम के साथ अक्षत वितरण कर रहे हैं। तीसरे समूह राठौर आटा चक्की के आसपास क्षेत्र के लिये राम्हीन सेठी, गीता ठाकुर, अपने महिला समूह के साथ कार्य करते हुए जन मानस का उत्साह वर्धन किया जा रहा है। चौथे समूह के रुप में फर्शी गली शिव मंदिर की ओर शोभा शर्मा, प्रतिभा चंद्राकर एवं साथियों द्वारा कार्य किया जा रहा है। अयोध्या नगर क्षेत्र में सरोज ठाकुर, रेखा आचार्य, संगीता खरे, अपने टीम के साथ भक्तिमय वातावरण में अक्षत एवं आमंत्रण पत्र वितरण का कार्य कर रहे हैं। अयोध्या नगर क्षेत्र के लिए निशा शर्मा, खेमीन साहू, ज्योति साहू, योगिता चंद्राकर, रुखमणी देवदास, सहित महिला समूह का विशेष योगदान मिल रहा है।

### चयनित खिलाड़ियों ने की विधायक से मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला हैंडबॉल संघ के 7 खिलाड़ियों का चयन हरियाणा हिसार में होने वाले राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हुआ है। सभी चयनित खिलाड़ी छत्तीसगढ़ टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। सभी चयनित खिलाड़ी विधायक योगेश्वर राजू सिंहा से मुलाक़ात कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सभी खिलाड़ियों को विधायक ने आशीर्वाद देते हुए जीत के आने की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर हैंडबॉल संघ के सचिव सैय्यद इमरान अली, कोच आशीष कुशवाहा, राष्ट्रीय खिलाड़ी टिकेश्वर साहू एवं जिले के सभी राष्ट्रीय सीनियर खिलाड़ी अपस्थित रहे।

Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
9406004581
7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### खरोरा में स्वच्छता अभियान चलाया गया

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के हनुमान मंदिर के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें गुलशन चन्द्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चन्द्राकर ने कहा कि हनुमान मंदिर के आसपास लोग गंदगी फैलाते हैं। लोगों से अपील की है कि मंदिर के आसपास साफ सफाई रखें।

### जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक कल

**महासमुंद।** जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक शुक्रवार 5 जनवरी को प्रातः 11 बजे जिला कार्यालय के महानदी सभाकक्ष में कलेक्टर प्रभात मलिक की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। जल संसाधन संभाग के कार्यपालन अभियंता एवं जिला जल उपयोगिता समिति के सचिव एचआर यादव ने बताया कि बैठक में जिले के वृहद, मध्यम एवं लघु सिंचाई जलाशयों से खरीफ सिंचाई पश्चात शेष जल रबी सिंचाई तथा निस्तार के लिए आवश्यक जल को सुरक्षित रखने व रबी में फसल निर्धारण के संबंध में चर्चा की जाएगी। उक्त बैठक में सर्व संबंधितों को नियत समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई गई



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भारत देश के प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई गई। इसमें मालती पटेल, उमा साहू, सुमन यादव, अल्फु साहू, सकती साहू, पुलकित पटेल, जय साहू, चन्द्रकला, डेविका, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चन्द्राकर आदि मौजूद रहे।

### बाइक से शराब परिवहन करते दो धरे गए

**महासमुंद।** ग्राम भलेसर रोड पेट्रोल पंप के पास अवैध रूप से बिक्री के लिए मोटर सायकल से परिवहन कर रहे शराब के साथ दो पकड़ाए। जानकारी के मुताबिक सुरेन्द्र दास पिता विरेन्द्र 30 वर्ष नयापारा महासमुंद निवासी और एक अन्य व्यक्ति मोटर सायकल से भलेसर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पेट्रोल पंप के पास पुलिस ने दोनों को रोकर तलाशी ली गई तो उनके कब्जे से 9375 एमएल देशी प्लेन शराब कीमती 4000 रूपए बरामद किया गया। साथ ही परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल कीमती 20 हजार रूपए को कब्जे लेकर आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट 34 (2) के तहत कार्रवाई की गई।

### धनसिंग ठाकुर का निधन

**नर्रा।** ग्राम लामीसरार (उखरा) निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक धनसिंह



ठाकुर (75) का 2 जनवरी मंगलवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा में समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे दिलीप सिंह, प्रीतम सिंह ठाकुर के पिता थे।

## कार्यक्रम : छात्राओं ने दी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति, सरकारी योजनाओं को भी बताया

# गांवों में पहुंच रही विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

विकसित भारत, संकल्प यात्रा अंतर्गत प्रचार रथ केन्द्र शासन की योजनाओं की जानकारी और संदेश को लेकर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत केजुवां और कसलबा में पहुंचा। मुख्य अतिथि धर्मेन्द्र चौधरी उपाध्यक्ष ज.पं. सरायपाली ने सभी को विकसित भारत के संकल्प को दोहरा कर इसका शुभारंभ किया। सीईओ सरायपाली अमित कुमार हालदार ने केन्द्र शासन की सभी योजनाओं के शत प्रतिशत लाभ के लिए जागरूक हो कर इसमें सहभागिता देने के लिए जनसमुदाय को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी बीआरसीसी सतीश स्वरूप पटेल ने इस शिविर के उद्देश्य और योजनाओं के क्रियान्वयन पर प्रकाश डाला।

मंच संचालक के रूप में व्याख्याता शैलेन्द्र कुमार नायक ने अपने दायित्व का निर्वहन किया। उल्लेखनीय है कि जनसमुदाय के बीच विभिन्न वर्गों, किसान, युवाओं, महिलाओं के लिए केंद्र शासन की योजनाओं के लाभ देने एवं शत प्रतिशत पहुंच के लिए यह शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इस आयोजन के पड़ाव में ग्राम पंचायत केजुवां और कसलबा में नववर्ष के प्रथम दिन शिविर लगाया गया। ग्राम पंचायत केजुवां के शिविर में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों द्वारा मेरी कहानी, मेरी जुबानी के अंतर्गत जनसमुदाय के बीच योजना से मिलने वाले प्रत्यक्ष लाभ को बताया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के हितग्राहियों में सोनिया पारेश्वर, मोंगरा चौहान, लक्ष्मी बरिहा, संध्या मांझी, यामिनी नाग, आयुष्मान भारत योजना के



लाभार्थियों नीलकुंवर चौहान, घासीराम नाग, हेमाद्रि नाग, प्रेरणा सिदार, पीएम उज्जवला योजना के हितग्राहियों में गोमती नायक, जयमोती, कृषि विभाग के लाभार्थियों में दीनानाथ नायक, रमेश पटेल, केशव नायक, सनत नायक, महेंद्र सिंह, स्वास्थ्य विभाग के योजनाओं के लाभार्थियों में जमुना मांझी, संपत्ति साहू एनआरएलएम के हितग्राहियों सोनिया, अहिल्या, जमुना, पीएम आवास योजना केतन विशाल, सविता मांझी, अहिल्या हीरा, संतोषी बरिहा ने अपनी कहानी को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मोंगरा चौहान, बद्रिका बरिहा, झरना साहू, हेमकुमारी बड़े, भोजमोती प्रधान का गोदभराई तथा कायरा विशाल का अन्नप्राशन कार्यक्रम भी संपन्न कराया गया। शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल, मिडिल एवं प्राथमिक स्कूल केजुवां के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति एवं लोकगीत, लोकनृत्य से सजी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गयी। ऑनस्पॉट ऑनलाइन क्वीज प्रतियोगिता के प्रतिभागियों में प्रथम रूद्रा पटेल, द्वितीय भोजकुमारी पटेल, तृतीय खिरोद्र जेरी को मंच पर सम्मानित किया गया। इन शिविरों में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत सरायपाली के उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र चौधरी, विशिष्ट अतिथि ओमप्रकाश चौधरी, प्रदीप साहू, रिंकू उबोवेजा, नरेंद्र प्रधान, नेपाल बिशी, विजय प्रधान, जयशंकर प्रधान, मनोज प्रधान (सरपंच कसलबा), संतलाल जगत (उपसरपंच कसलबा), संजय गिरी, रेशमलाल सिदार, दीनानाथ नायक, मनोहर खाखा, प्रभावती मांझी (सरपंच केजुवां), मधु नेताम (उपसरपंच), रामसिंग नायक, उद्धव गिरी, सखाराम नायक, गोविन्द नायक, निराकार पारेश्वर, पंचगण अहिल्या साहू, साहबीन बरिहा, अशोक प्रधान (कसलबा), नरेंद्र साहू (सचिव केजुवां), नरसिंह प्रधान (सचिव कसलबा), सीएल पुहुप (प्राचार्य), भोलानाथ नायक (समन्वयक), रोजगार सहायक केशव नायक (केजुवां), विरेंद्र नंद (कसलबा) आदि शामिल थे। विभिन्न विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों की टीम के साथ-साथ ग्राम पंचायत केजुवां एवं कसलबा, ग्राम बड़ेपंधी के माताओं, कृषकों, युवाओं के साथ विद्यार्थियों सहित जनसमुदाय इस कार्यक्रम के सहभागी बने।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

ग्राम पंचायत कसलबा में इस शिविर के आयोजन के लिए निर्धारित समय दोपहर 2 बजे इसे प्रारंभ किया गया। जनसमुदाय के भीड़ से उत्सव का माहौल बन गया। शासकीय मिडिल एवं प्राथमिक स्कूल कसलबा, बड़ेपंधी के विद्यार्थियों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। बालिकाओं ने शिक्षा विभाग द्वारा दिए जा रहे बालिका आत्म-सुरक्षा प्रशिक्षण को मंच पर प्रस्तुति देकर खूब तालियाँ बटोरीं। अतिथियों द्वारा प्रोत्साहित करते हुए सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को तैयार करने में सहयोगी शिक्षकों को मंच पर सम्मानित किया गया। मेरी कहानी, मेरी जुबानी के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने क्रमशः अपनी कहानी प्रस्तुत किया, जिनमें पीएम उज्जवला योजना के तपस्विनी सिदार, राजकुमारी भोई (बड़ेपंधी), कृषि विभाग के मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना महेंद्र कुमार भोई, पीएम फसल बीमा आनंद विलास भोई, किसान सम्मान निधि अरुण बाघ, किसान क्रेडिट कार्ड कविराज साहू, महिला एवं बालविकास विभाग के लाभार्थियों में ग्राम कसलबा के लक्ष्मी भोई, मालती चौहान, अंजना बरिहा तथा ग्राम बड़ेपंधी के दुर्गेसिनी, बासंती, राजश्री भोई, हीना भोई और गोदभराई में लक्ष्मी भोई, शीला बरिहा, निंद्रा बरिहा, अन्नप्राशन में योगेन्द्र प्रधान शामिल थे।

### आनलाइन क्वीज प्रतियोगिता

ऑनलाइन क्वीज़ प्रतियोगिता के विजेता प्रथम सुमित प्रधान, द्वितीय निखिलेश प्रधान, तृतीय अर्जुन प्रधान बने। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों में प्रदीप साहू (मण्डल अध्यक्ष बलौदा) ने अपने उद्बोधन में जनता के सभी मांगों पर ध्यान देते हुए प्राथमिकता के क्रम में राज्य शासन से समन्वय स्थापित कर योजनाओं के लाभ के लिए संकल्प के महत्व को प्रतिपादित किया। उन्होंने जनसमुदाय के बीच के किसी भी जनहित के कार्य के लिए तत्परता से पूर्ण सहयोग के लिए वचन दिया। केंद्र सरकार के सभी योजनाओं के लाभ लेने के लिए जागरूक किया। मुख्य अतिथि धर्मेन्द्र चौधरी ने अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री के समग्र विकास के साथ भारत देश को वर्ष 2047 तक विकसित भारत निर्माण के संकल्प के प्रति सहयोग और समर्पण के लिए संदेश दिया। इन शिविरों में सतत रूप से सहभागी बने समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम को धन्यवाद दिया। आभार एवं धन्यवाद ज्ञापन नोडल अधिकारी बीआरसीसी सरायपाली सतीश स्वरूप पटेल ने किया।

# पंचायत सचिव संघ के निर्विरोध जिलाध्यक्ष बने सुनील

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

पंचायत सचिव संघ के जिलाध्यक्ष का चुनाव बुधवार 3 जनवरी को सांकरा स्थित समरसता भवन में गहमा गहमी के बीच शांति पूर्ण ढंग से हुआ। जिलाध्यक्ष पद के लिए तीन दावेदार थे। इनमें सर्वसम्मति से सुनील कुमार साहू के पक्ष में सहमति बनी एवं निर्विरोध साहू को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया।

महासमुंद जिला अध्यक्ष निर्वाचन की प्रक्रिया निर्वाचन अधिकारी एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी द्वारा संपादित किया गया। सचिव संघ जिला अध्यक्ष के निर्वाचन के लिए मतदाता महासमुन्द जिला अन्तर्गत आने वाले पांच विकासखंड के मनोनीत अथवा निर्वाचित अध्यक्ष एवं सचिव थे। चूंकि, जिला संघठन ने



पूर्व में ही ठान लिया था कि जिला अध्यक्ष पद निर्विरोध निर्वाचन किया जाना है। मतदाता महासमुंद जिले के अंतर्गत आने वाले पांचों विकासखंड के पांच अध्यक्ष एवं पांच सचिव मतदाता थे। निर्वाचन प्रक्रिया के पूर्व बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि ब्लॉक अध्यक्ष एवं ब्लॉक सचिव जो जिला अध्यक्ष के मतदाता है वह आपस में चर्चा कर एक नाम सर्व समिति से निर्वाचन अधिकारी को सौंपेंगे। इस निर्णय के पश्चात विचार करने पर एक नाम पर मोहर लगी। जबकि तीन प्रत्याशी अध्यक्ष पद के दौड़ में थे। इनमें प्रमुख रूप से सुनील कुमार साहू, पुनीत सिंह एवं पवन पटेल तीनों नाम पर विचार विमर्श करने के पश्चात सुनील कुमार साहू का नाम निर्वाचन अधिकारी को सौंपा गया। निर्वाचन अधिकारी कामता प्रसाद साहू एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी धनेश्वर साहू ने विधिवत सुनील कुमार साहू को अध्यक्ष मनोनीत किए जाने की घोषणा करते ही बैठक स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा एवं बधाई का तांता लग गया। एक दूसरे को उपस्थित सचिवों ने गुलाल का टीका लगाकर बधाई देते हुए खुशियों का इजहार किया। इस अवसर पर मुरलीधर साव, चक्रधर साहू, चन्द्र प्रताप ठाकुर, सत्येन्द्र, नरेश पटेल, नेहा उपाध्याय, मोहित राम साहू, वृंदावन विश्वकर्मा, निराकार पटेल, अनिल दुबे, रोहित पटेल, द्वारिका यादव, भूपेंद्र साहू, हरीश मानिकपुरी, सुभाष पटेल, कृष्ण चौहान, सुभाष साहू सहित बड़ी संख्या में सचिव उपस्थित रहे।

# नववर्ष का आरंभ मानस पाठ से हुआः अलका

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

खल्लारी विधानसभा के ग्राम खैरटखुर्द में प्रतिवर्ष की भांति इस नववर्ष का शुभारंभ रामचरितमानस पाठ से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अलका चंद्राकर भाजपा प्रत्याशी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि प्रतिवर्ष की भांति गत सात आठ वर्षो से ग्राम खैरटखुर्द में पश्चात नववर्ष का शुभारंभ रामचरितमानस पाठ से होना हम सबके लिए खुशी की बात है। मैं स्वयं कई वर्षों से इस नववर्ष में शामिल होते आई हूं। इस भौतिकवादी युग में युवा वर्ग अंग्रेजी नववर्ष में नाच गाना, मांस मंदिर का सेवन कर नववर्ष का आनंद लेते हैं। इसके विपरीत खैरटखुर्द में रामचरितमानस सत्संग होना हम सबके लिए प्रेरणादायक है। मर्यादा



पुरुषोत्तम भगवान राम हम सबके आदर्श हैं। सबके रोम रोम में बसे हैं। भारत की आत्मा भगवान राम है। भगवान राम के आदर्श को हम सबको अपने जीवन में उतरना चाहिए, तभी हमारा गांव भी राम राज्य की कल्पना कर सकते हैं। खुशी की बात है कि श्रीराम 22 जनवरी को अपने पक्के आवास में पूर्ण विधि विधान से प्रवेश ले रहे हैं। इस दिन प्रत्येक गांव व मोहल्ला में दिवाली का उत्सव मनाना है। भजन कीर्तन मंडली रामायण पाठ होंगे। इस अवसर पर सरपंच ईश्वर ठाकुर, मोहर ठाकुर, संजय मालवीय, भावेश पुरोहित, नेतराम साहू, नूतन साहू, ललित चंद्राकर, जनक चक्रधारी आदि मौजूद रहे।

# डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना को बंद करना छग की जनता के साथ नाइंसाफीः विनोद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव व विधायक

**पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की जनहितैषी योजनाओं को दुर्भावनावश बंद कर रही भाजपा सरकार**

विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के उस बयान पर पलटवार किया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि वर्तमान में किसी भी योजना को बंद नहीं किया जाएगा। चंद्राकर ने कहा कि पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार की जनकल्याणकारी योजना डॉ. खूबचंद बघेल मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना का लाभ



छत्तीसगढ़ के सभी 72 लाख परिवारों को मिल रहा है, अचानक बंद करने से इस योजना का लाभ ले रहे मध्यम वर्गीय परिवारों को प्रभाव पड़ेगा। ऐसी योजना को बंद करना छत्तीसगढ़ राज्य की जनता के प्रति बेईमानी होगी।

चंद्राकर ने कहा कि आयुष्मान योजना के तहत दी जाने वाली 10 लाख रुपए तक की इलाज सुविधा केवल गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वालों के लिए ही है। यह भी सर्वविदित है कि भाजपा नेताओं के संरक्षण में केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार होता रहा है। मध्य प्रदेश सहित कई भाजपा शासित राज्यों में मृत व्यक्तियों के इलाज के नाम पर करोड़ों की राशि आयुष्मान योजना से निकाल ली गई। जिसका खुलासा विगत दिनों सीएजी के रिपोर्ट में हुआ है। एक ही मोबाइल नंबर से लाखों हितग्राहियों के आयुष्मान योजना में पंजीयन का खुलासा भी विगत दिनों हुआ है। जिसमें वह मोबाइल नंबर भी फर्जी पाया गया। राज्य सरकार द्वारा गरीब और मध्यम वर्ग के चिकित्सा सहायता की महत्वपूर्ण योजना को बंद करके केवल गरीब वर्ग के लिए इलाज का प्रावधान नाकाफी है।

पूर्व संसदीय सचिव चंद्राकर ने कहा है कि चिकित्सा सुविधा को लेकर साय सरकार की न कोई ठोस नीति हैं, न ही नेक नीयत। केवल पूर्वाग्रह और दुर्भावना से ग्रसित होकर पूर्ववर्ती सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को बंद करना बेहद निंदनीय है।

# समलेश्वरी मंदिर के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

विकासखंड के शाखा सभा छुईपाली अंतर्गत ग्राम सिंघोड़ा में माँ समलेश्वरी मंदिर के लिए भूमिपूजन का कार्यक्रम हुआ। मां रूद्रेश्वरी की छत्रछाया में प्राकृतिक झरना मनोरमवादियों के बीच मगधा यादव समाज के प्रबुद्धजनों एवं ग्रामवासियों के सानिध्य में पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम महाराज दिनेश ने मंत्रोच्चार कर दीप, धूप, तिलक चंदन कर देवी-देवताओं का आह्वान, हवन पूजन कर शुभखंभ और ध्वज का स्थापना किया। तत्पश्चात मंदिर निर्माण स्थल में दंपति मोहर सिंग यादव ने पूजा अर्चना कर विश्वकर्मा रूपी राजमिस्त्री की तिलक चंदन कर अंगवस्त्र, श्रीफल भेंटकर स्थल को शुभ सात बार खोदकर शुरुआत कर निर्माण के लिए सौंपा गया। स्थल का सभी ने अवलोकन कर चुने से चिन्हांकन किया। घंट, शंख, मृदंग की आवाज के साथ कीर्तन मंडली द्वारा देवी स्थल को हरि कीर्तन से संगीतमय ध्वनि के साथ वातावरण



को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालु भक्तजनों द्वारा स्वेच्छा पूर्वक घोषणाएं की गई ब्लॉक अध्यक्ष हीराधार बगर्ती 51000 रुपए, शाखा अध्यक्ष देवलभांठा कृष्ण टाणी 2151 रुपए, शाखा अध्यक्ष पोड़ागढ़ फकीर कठार, शाखा अध्यक्ष छुईपाली मोहर सिंग 2151 रुपए, ब्लाक सचिव लखपति यादव 5100 रुपए, सहसचिव ओमप्रकाश छत्रपति 21000 रुपए, प्रांतीय सचिव दुर्वादल दीप 21000 रुपए, सचिव देवलभांठा सुरेंद्र भोई 21000 रुपए, मुरली छत्तर 5100, जगदीश बगर्ती 11000, धनपति सालमा 5051, भारत थापा 5000, अनिरुद्ध यादव 15000, विश्वामित्र 5000, धनेश्वर बांक 21000, सरधाकर कलेत 500, सुनील विशाल 5001, आलेख भोई 1005 रुपए, सौदागर कलेत 500 रुपए, नरेंद्र भोई 1000 रुपए, सुरेंद्र मलिक चौखट, जयदेव यादव दरवाजा, सत्य कुमार यादव 1 ट्रीप ईंट, तन्मय पंडा द्वारा जेसीबी निःशुल्क प्राप्त होता है। इस प्रकार समिति को लाखों रुपये सहयोग राशि की घोषणाएं हुई। कार्यक्रम में अमृतलाल बगर्ती, लोकनाथ कठार, कृष्णो बाघ, विजय यादव, जैजैराम यादव, सरपंच सिंघोड़ा अशोक मिरी, समीर भोई जमींदार, रविलाल भोई पंच, मनोज ठाकुर पंच, राम प्रसाद महापात्र, कृष्ण चंद्र महापात्र, नीलांबर भोई, राजेश यादव, संपत बाग, पंकज यादव, विद्याधर यादव, प्रकाश यादव, बिहारी नाग, विश्वामित्र, दिलीप, जागेश्वर, तपेश मलय भोई, सुभाष नाग, रघुनाथ नाग, जयशंकर यादव, चतुर्भुज छत्तर, सत कुमार आदि ने ने माँ समलेश्वरी का महाप्रसाद ग्रहणकिए। कार्यक्रम का संचालन रामकृष्ण गजपोड़ महामंत्री ने किया।

# एनएसएस शिविर में नशामुक्त समाज पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

कृषक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय

- **रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सात दिवसीय एनएसएस शिविर का हुआ समापन**

पाटसेन्द्री में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर नशा मुक्त समाज के लिए युवा पर आधारित का आयोजन प्राचार्य साखीराम पटेल के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी सोमेश्वर प्रसाद नायक, सहायक चेतन कुमार पटेल, गुण सागर पटेल, शिविर नायक कामिनी साहू, दलनायक चंद्रशेखर साहू, रोशनी दंडसेना, गगन साहू, उत्तरा यादव, खिलेश्वरी दास, चांदनी साहू, प्रीति भोई, ममता पटेल, लिसा दंडसेना, ममता सारथी के दिशा निर्देशन तथा ग्राम पंचायत बारडोली के सरपंच, समस्त ग्रामवासी के संरक्षण में सफलतापूर्वक ग्राम बाराडोली में हुआ। समापन पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए।

शिविर के उद्घाटन ग्राम के समस्त पंच एवं सम्मानीय ग्रामीणों की उपस्थिति में सरपंच लक्ष्मीशंकर दीवान द्वारा मां शारदे एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर धूप दीप प्रज्वलित कर छात्रों द्वारा सरस्वती वंदना कर किया गया। शिविर अवधि में ग्राम के समाजसेवी एवं योगाचार्य सुभाष साहू द्वारा प्रत्येक दिन स्वयं सेवकों को योग एवं प्राणायाम कराया गया, बौद्धिक सत्र में आमंत्रित वक्ता सेवक लाल पटेल प्राचार्य खमरिया ने बच्चों को योजना बनाकर पढ़ने के साथ विद्यालय में आयोजित समस्त कार्यक्रम में सहभागिता के लिए प्रेरित किया। लक्ष्मी नारायण पटेल (वेलनेस कोच) द्वारा स्वस्थ शरीर एवं ऊर्जावान बने रहने के उपाय बताए गए। वंदे मातरम गुरुकुल के




उपाध्यक्ष प्रखर वक्ता जन्मजय नायक ने नशे की गिरफ्त में पड़े युवाओं की ओर संकेत करते हुए कहा कि ना रिश्तो का ख्याल, न खुद का, हर किसी ने अपनी जिंदगी अपने हाथों तबाह कर दी, वाह रे शराब हमने देखी तेरी माया भट्टी के नीचे आग लगाकर ऊपर है सुलगी। इसी सत्र में भंवरपुर आत्मानंद विद्यालय के शिक्षक दुर्गा प्रसाद पटेल ने विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्व बताते हुए समय प्रबंधन पर अपना वक्तव्य दिया। साथ ही स्वधा पटेल ने भी स्वयं सेवकों को नशा से दूर रहने के लिए प्रेरित करने के लिए अपना वक्तव्य दिया। बौद्धिक सत्र में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया था। जिसमें प्रमुख कवि सुंदरलाल दंडसेना, परशुराम चौहान, सुखमोति चौहान, मगन दास, नानदउ पटेल, धनीराम नंद आदि ने अपने हास्य कविताओं से स्वयंसेवकों एवं उपस्थित जल समूह को खूब हंसाया। संजय चौधरी एवं उनके टीम द्वारा शिविर स्थल पर मुक्त स्वास्थ्य परीक्षण एवं औषधि वितरण किया गया। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए ग्रामीणजनों को प्रेरित किया एवं बनाया गया। परियोजना कार्य के अंतर्गत स्वयं सेवकों द्वारा प्रत्येक दिवस सीके पटेल की अगुवाई में प्रभात फेरी निकाली गई। नशा उन्मूलन के नारों का वाचन किया गया। शिविर अवधि में विद्यालय परिसर की सफाई एवं पुताई, ग्राम के गली नालियों की सफाई, तालाब घाट की सफाई, मंदिर परिसर की सफाई , बोरिंग परिसर की सफाई, विद्यालय प्रांगण में निर्माण अधीन अतिरिक्त भवन बनाने में सहयोग किया गया। शिविर का समापन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ स्वयं सेवकों द्वारा ज्ञानवर्धक नृत्य, एकांकी, नाटक, प्रस्तुत कर किया गया। मुख्य अतिथि विद्यालय के पूर्व प्राचार्य कैलाश शंकर प्रधान, अध्यक्षता जयंती जय लाल पटेल (सभापति जनपद पंचायत सरायपाली), कृपा सिंधु पटेल अध्यक्ष एवं शाला विकास समिति के सदस्यगण, बाबूलाल पटेल (जनपद सदस्य सरायपाली), ओम प्रकाश पटेल, सेवक लाल पटेल पूर्व प्राचार्य, नारायण माझी, अलेख दास, जय कृष्ण साहू, प्रभात माझी, चंद्रभानू पटेल एवं पाटसेन्द्री तथा बारडोली विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं, ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

